# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
## MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

**NEWS TITLE:** Awareness Program on Women Empowerment
**NEWSPAPER NAME:** Hindustan (Hindi)
**DATED:** 04 May, 2013
**PAGE NO.:** 16




महिलाओं पर हो रहे अपराधों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए मोहन नगर स्थित आईटीएस संस्थान में शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। छात्रों ने नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और महिलाओं को समाज में सम्मान देने की अपील की। निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। ● हिन्दुस्तान

Copy to D.G. Sir.......................
Director IT...............................
Director Mgmt.......................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office.......................
Librarian....................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE

MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002



**NEWS TITLE:** Awareness Program on Women Empowerment

**NEWSPAPER NAME:** Navbharat Times

**DATED:** 04 May, 2013

**PAGE NO.:** 06

## नाटक से बताया नारी का दर्द



**एक संवाददाता || साहिबाबाद** : देश में महिलाओं और मासूम बच्चियों के के साथ हो रही घटनाओं के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए आईटीएस कॉलेज के छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसके माध्यम से कलाकारों ने बताया कि किस तरह महिलाएं समाज का तानाबाना बुनते हुए उसकी सुदृढ़ता को सुनिश्चित करती हैं। उसके बाद भी उन्हें समाज की क्रूरता का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में समाज की युवा पीढ़ी की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने समाज को बचाने के लिए महिलाओं के प्रति हो रही वारदातों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे।

Copy to D.G. Sir.......................

Director IT...............................

Director Mgmt.......................

Principal UG............................

Registrar.................................

Secretary Office......................

Librarian.................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
# MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: Awareness Program on Women Empowerment
NEWSPAPER NAME: Amar Ujala
DATED: 04 May, 2013
PAGE NO.: 05

## सोच बदलो समाज बदलेगा

**साहिबाबाद।** मोहन नगर स्थित आइटीएस इंस्टीट्यूट में चल रहे 'एम्पॉवरिंग वुमेन फॉर बेटर टुमारो एंड क्रिएटिंग ए सेफर वर्ल्ड' जागरूकता कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। नुक्कड़ नाटक के जरिए महिलाओं से अधिकारों को जानने और सबला बनने की अपील की। जुर्म के खिलाफ आवाज उठाने लड़कियों की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए चुप्पी तोड़ने का आह्वान किया। महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने जूडो कराते सीखकर आत्मरक्षा की ट्रेनिंग ली।

Copy to D.G. Sir......................
Director IT...............................
Director Mgmt.......................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office.......................
Librarian....................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: Awareness Program on Women Empowerment
NEWSPAPER NAME: Dainik Jagran
DATED: 04 May, 2013
PAGE NO.: 18

# नुक्कड़ नाटक से महिला उत्पीड़न के विरुद्ध किया जागरूक

**जागरण संवाद केंद्र, मोहन नगर** : इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस मोहन नगर में शुक्रवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने महिला उत्पीड़न के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। साथ ही महिलाओं को सम्मान देने की अपील की।

आइटीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एंड साइंस) में सामाजिक जागरूक कार्यक्रम के अंतर्गत वूमेन इमपावरमेंट पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया जा रहा है। इसमें आए दिन हो रहे दुष्कर्म जैसे मामलों पर रोक लगाने के साथ ही महिला उत्पीड़न के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही समाज में महिलाओं को उच्चतम दर्जा देने के लिए लोगों से अपील की गई। इस अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।



आइटीएस मोहन नगर में नुक्कड़ नाटक के जरिये महिला उत्पीड़न के विरुद्ध लोगों को जागरूक करते विद्यार्थी। जागरण

Copy to D.G. Sir.......................
Director IT...............................
Director Mgmt.........................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office.......................
Librarian.................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
# MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

**NEWS TITLE:** Poster Making Competition on Women Empowerment
**NEWSPAPER NAME:** Dainik Yug Karvat
**DATED:** 03 May, 2013
**PAGE NO.:** 05




साहिबाबाद। महिलाओं में जागरूकता लाने के मकसद से मोहन नगर स्थित आईटीएस में महिला सशक्तिकरण पर दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर अनेक प्रकार के पोस्टर्स बनाए। एक वर्कशाप का भी आयोजन किया गया, इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए ताईक्वाडो, जूडो जैसी युद्धकला के गुर भी सिखाए गए।

Copy to D.G. Sir.......................
Director IT................................
Director Mgmt.......................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office......................
Librarian..................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
# MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

**NEWS TITLE:** Poster Making Competition on Women Empowerment
**NEWSPAPER NAME:** Dainik Bhavi Satta
**DATED:** 03 May, 2013
**PAGE NO.:** 02



मोहन नगर स्थित आईटीएस कालेज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते स्टूडेंट्स।

Copy to D.G. Sir.......................
Director IT...............................
Director Mgmt.......................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office.......................
Librarian.........................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002


**NEWS TITLE:** Poster Making Competition on Women Empowerment
**NEWSPAPER NAME:** Dainik Jagran
**DATED:** 03 May, 2013
**PAGE NO.:** 19

# विद्यार्थियों ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश



वूमेन इनपावरमेंट विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

**जागरण संवाद केंद्र, मोहन नगर :** दिल्ली में हुई दुष्कर्म की घटनाओं के बाद स्कूलों व संस्थानों में छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाने की कवायद शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को आइटीएस मोहन नगर में छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाए गए। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर पोस्टर बनाकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को आत्म रक्षा के लिए ताइक्वांडों, जूडो जैसी युद्ध कला के गुर सिखाए गए। विद्यार्थियों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखने का मिला।

Copy to D.G. Sir.......................
Director IT...............................
Director Mgmt........................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office......................
Librarian........................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
# MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: Poster Making Competition on Women Empowerment
NEWSPAPER NAME: Navbharat Times
DATED: 03 May, 2013
PAGE NO.: 02

## आईटीएस में विमिन सेफ्टी पर वर्कशॉप

**एनबीटी न्यूज || मोहन नगर** : मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में 'इमपावरिंग वूमन फॉर बेटर टुमारो एंड क्रिएटिंग ए सेफर वर्ल्ड' विषय पर पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया।

देश में आए दिन हो रहे बलात्कार के मामलों को देखते हुए और उन पर रोक लगाने और लोगों में जागरूकता लाने के लिए ही इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर अपनी भावनाएं उकेरी। स्टूडेंट्स ने इनमें से अलग-अलग विषय चुनकर पोस्टर्स बनाए।

**इस दौरान पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन भी हुआ**



कार्यक्रम में एक वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज की छात्राओं को उनकी आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो, जूडो के गुर भी सिखाए गए। स्टूडेंट्स को अपने बचाव के कुछ टिप्स भी दिए गए। उनको बताया गया कि वो किस तरह से मुसीबत के समय अपने को बचा सकती हैं, यदि कोई उनको पकड़ लेता है तो वो किस टिप्स का बचाव करके अपने आप को बचा सकती हैं।

Copy to D.G. Sir......................
Director IT..............................
Director Mgmt......................
Principal UG...........................
Registrar................................
Secretary Office......................
Librarian..................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
## MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

**NEWS TITLE:** Poster Making Competition on Women Empowerment
**NEWSPAPER NAME:** Dainik Hint
**DATED:** 03 May, 2013
**PAGE NO.:** 05

**चित्रकला प्रतियोगिता**



गाजियाबाद : आईटीएस में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# आईटीएस में पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**■ बलात्कार की बढ़ती वारदातों को लेकर चलाया जागरूकता अभियान**

**साहिबाबाद।** पिछले दिनों एक पांच वर्ष की बच्ची के साथ हुए विभत्स बलात्कार की घटना ने भारत की राजधानी दिल्ली को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। इस घटना ने पिछले वर्ष 16 दिसम्बर को चलती बस में पेरॉमेडिकल की छात्र के साथ हुए दुष्कर्म के जख्मों को फिर से ताजा कर दिया। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने तथा लोगों में जागरूकता लाने के लिए आईटीएस, मोहन नगर में एम्पॉवरिंग वुमेन फॉर बेटर टूमोरो एंड क्रिएटिंग ए सेफर वर्ल्ड नामक सामाजिक जागरूकता पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगित का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर अनेक प्रकार के पोस्ट्र्स बनाए। इसी कार्यक्रम के अर्न्तगत् एक वर्कशाप का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु ताईक्वाडों, जूडो जैसी कला के गुर भी सिखाए गए। इस प्रकार के आयोजनों से छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित थे तथा उन्होंने समाज को बदलने के लिए इस पहल की सरहाना की।

Copy to D.G. Sir.......................
Director IT...............................
Director Mgmt.........................
Principal UG.............................
Registrar..................................
Secretary Office.......................
Librarian..................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
# MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

**NEWS TITLE:** Poster Making Competition on Women Empowerment
**NEWSPAPER NAME:** Mahamedha
**DATED:** 03 May, 2013
**PAGE NO.:** 06

## आईटीएस में हुआ पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन

साहिबाबाद (सं.) पिछले दिनों पांच वर्ष की बच्ची के साथ हुए वीभत्स बलात्कार की घटना ने भारत की राजधानी दिल्ली को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। इस घटना ने पिछले वर्ष 16 दिसंबर, 2012 को चलती बस में पेरामेडिकल की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के ज़ख्मों को फिर से ताजा कर दिया। इस दिल दहलाने वाली घटना ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दिल दहलाने वाली घटना के मद्देनजर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर अनेक प्रकार के पोस्टर्स बनाए। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत् एक वर्कशाप का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु ताईक्वांडो, जूडो जैसी युद्ध कला के गुर भी सिखाए गए। इस आयोजन से छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित थे तथा उन्होंने समाज को बदलने के लिए इस पहल की सराहना की।

Copy to D.G. Sir......................
Director IT..............................
Director Mgmt.......................
Principal UG...........................
Registrar.................................
Secretary Office.......................
Librarian..................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
## MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

**NEWS TITLE: Poster Making Competition on Women Empowerment**
**NEWSPAPER NAME: Amar Ujala**
**DATED: 03 May, 2013**
**PAGE NO.: 04**

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**साहिबाबाद।** आइटीएस इंस्टीट्यूट में बृहस्पतिवार को 'एम्पॉवरिंग वुमेन फॉर बेटर टुमारो एंड क्रिएटिंग ए सेफर वर्ल्ड' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और सेल्फ डिफेंस पर वर्कशॉप का आयोजन हुआ। संस्थान के डायरेक्टर एके पुरी ने बताया कि छात्राओं को ताइक्वांडो और जूडो का प्रशिक्षण देकर बाजार, घर और बसों में आत्मरक्षा के गुरसिखाए गए।



आईटीएस इंस्टीट्यूट में सेल्फ डिफेंस की जानकारी देता प्रशिक्षक।

Copy to D.G. Sir......................
Director IT................................
Director Mgmt........................
Principal UG............................
Registrar.................................
Secretary Office.......................
Librarian..................................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
## MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: Poster Making Competition on Women Empowerment
NEWSPAPER NAME: Hindustan (Hindi)
DATED: 03 May, 2013
PAGE NO.: 20

# कैनवास से व्यक्त किए विचार

## कार्यक्रम

- मोहननगर स्थित आईटीएस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित
- छात्राओं को ताइक्वांडो और जूडो की बारीकियां बताई गईं

**ट्रांस हिंडन | हमारे संवाददाता**

कूची और कैनवास के सहारे महिला उत्पीड़न विषय की गंभीरता को उजागर किया वहीं आत्मरक्षा के गुर सीखकर साहसी बनने का प्रयास किया। मौका था मोहननगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आईटीएस) में 'इम्पावरिंग वूमन फॉर बैटर टुमारो एंड क्रिएटिंग ए सेफर वर्ल्ड' विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का।

छात्राओं को महिला उत्पीड़न के प्रति जागरूक करने और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से संस्थान में गुरुवार को दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पहले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और आत्मरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।



मोहन नगर स्थित आईटीएस में गुरुवार को महिला जागरूकता को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पोस्टर बनातीं छात्राएं। ● नरेश कश्यप

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने भ्रूण हत्या, बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर विषयों पर अपने विचार उकेरे। इसके बाद आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को ताइक्वांडो और जूडो की बारीकियां सिखाई गईं।

संस्थान के डायरेक्टर एके पुरी ने कहा कि समाज में महिलाओं और बच्चियों के साथ बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को देखते हुए इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



मोहन नगर स्थित आईटीएस में महिला जागरूकता पर आयोजित वर्कशॉप में गुरुवार को आत्मरक्षा के गुर सीखतीं छात्राएं। ● हिन्दुस्तान